information and privacy commission
new south wales

# NSW में गोपनीयता नियमों के लिए एक निर्देशिका

तथ्य पत्रक
जून 2014

## मैं अपनी गोपनीयता की रक्षा कैसे कर सकता/सकती हूँ?

NSW गोपनीयता कानून काफी सीमा तक आपके बारे में जानकारी के ऊपर केंद्रित है, यानि कि वह सूचना जो आपकी पहचान करती है। NSW के अधिनियम जानकारी के दो समूहों को संबोधित करते हैं - व्यक्तिगत जानकारी और स्वास्थ्य जानकारी।

### व्यक्तिगत जानकारी क्या होती है?

व्यक्तिगत जानकारी ऐसी कोई भी जानकारी होती है जो आपकी पहचान करती है और इसमें शामिल हैं:

- आप के बारे में एक लिखित रिकॉर्ड, जिसमें आपका नाम, पता और अन्य विवरण शामिल हो सकता है
- फोटोग्राफ, चित्र, वीडियो या ऑडियो फुटेज
- उंगलियों के निशान, रक्त या डीएनए के नमूने।

### स्वास्थ्य जानकारी क्या होती है?

स्वास्थ्य जानकारी 'व्यक्तिगत जानकारी' का एक विशेष प्रकार होती है, जिसमें आपके शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य या विकलांगता के बारे में जानकारी शामिल हो सकती है। इसमें शामिल हैं:

- ऐसी कोई भी व्यक्तिगत जानकारी, जो आप किसी स्वास्थ्य संगठन को उपलब्ध कराते/कराती हैं
- आपको पहले से ही उपलब्ध एक स्वास्थ्य सेवा
- ऐसी कोई स्वास्थ्य सेवा, जो आपको उपलब्ध कराई जाएगी
- ऐसी कोई स्वास्थ्य सेवा, जिसके लिए आपने स्वयं को प्रदान कराए जाने के लिए कहा है
- अंग दान के लिए कुछ व्यक्तिगत जानकारी
- आपके, आपके रिश्तेदारों या अपने वंश के बारे में कुछ आनुवंशिक जानकारी।

### NSW में मेरी गोपनीयता की रक्षा कैसे की जाती है?

एनएसडब्ल्यू में आपकी गोपनीयता की रक्षा करने के लिए कानून मौजूद हैं:

गोपनीयता और व्यक्तिगत जानकारी संरक्षण अधिनियम 1998 - PPIP अधिनियम (Privacy and Personal Information Protection Act 1998 - PPIP Act):

- NSW में यह सुनिश्चित करके आपके गोपनीयता के अधिकारों की रक्षा करता है कि NSW सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसियों द्वारा जानकारी सुरक्षा सिद्धाँतों - आईपीपी (Information Protection Principles - IPPs) के माध्यम से आपकी व्यक्तिगत जानकारी सही तरीके से एकत्र, संग्रहित, प्रयुक्त और जारी की जाती है
- आपको अपनी व्यक्तिगत या स्वास्थ्य जानकारी को देखने और इसमें परिवर्तन करने के लिए अनुरोध करने का अधिकार देता है
- यदि आपको ऐसा लगे कि किसी NSW सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसी ने आपकी व्यक्तिगत जानकारी का दुरुपयोग किया है या किसी IPP का उल्लंघन किया है, तो आपको एनएसडब्ल्यू गोपनीयता आयुक्त (NSW Privacy Commissioner) के पास शिकायत करने का अधिकार देता है।

स्वास्थ्य रिकार्ड सूचना गोपनीयता अधिनियम 2002 - HRIP अधिनियम (Health Records Information Privacy Act 2002 - HRIP Act):

- यह सुनिश्चित करके NSW में आपके गोपनीयता अधिकारों की रक्षा करता है कि स्वास्थ्य गोपनीयता सिद्धांतों (Health Privacy Principles - HPPs) के माध्यम से आपकी व्यक्तिगत और स्वास्थ्य जानकारी को सही तरीके से एकत्र, संग्रहित, प्रयुक्त और जारी किया जाता है
- आपको अपनी व्यक्तिगत या स्वास्थ्य जानकारी को देखने और इसमें परिवर्तन करने के लिए अनुरोध करने का अधिकार देता है
- यदि आपको ऐसा लगे कि किसी NSW सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसी ने आपकी व्यक्तिगत जानकारी का दुरुपयोग किया है या किसी HPP का उल्लंघन किया है, तो आपको एनएसडब्ल्यू गोपनीयता आयुक्त (NSW Privacy Commissioner) के पास शिकायत करने का अधिकार देता है।

*नोट: कुछ NSW सार्वजनिक क्षेत्र एजेंसियों के पास व्यक्तिगत जानकारी से व्यवहार करने से संबंधित विशेष प्रावधान हो सकते हैं।*

*इसके अलावा संघीय सरकार के विभागों और बड़े निजी क्षेत्र के संगठनों के साथ व्यवहार करते समय NSW के लोगों की रक्षा करने के लिए राष्ट्रमंडल गोपनीयता कानून मौजूद हैं - कृपया नीचे देखें।*

### NSW कानून किस पर लागू होते हैं?

PPIP अधिनियम निम्नलिखित पर लागू होता है:

- NSW सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसियाँ, जिनमें स्थानीय परिषदें और विश्वविद्यालय शामिल हैं।

HRIP अधिनियम निम्नलिखित पर लागू होता है:

- NSW सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसियाँ, जिनमें स्थानीय परिषदें और विश्वविद्यालय शामिल हैं
- सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के स्वास्थ्य संगठन - जैसे एक निजी या सार्वजनिक अस्पताल या मेडिकल सेंटर
- स्वास्थ्य सेवा प्रदाता – उदाहरण के लिए आपका जीपी, दंत चिकित्सक, चिकित्सक, फिजियोथैरापिस्ट, कायरोप्रैक्टर, आँखों का चिकित्सक
- $3 मिलियन से अधिक के कारोबार वाला एक बड़े आकार का व्यापार, जो स्वास्थ्य की जानकारी रखता हो – उदाहरण के लिए एक बीमा कंपनी।

*नोट: जो संगठन इन कानूनों के दायरे में नहीं आते हैं (उदाहरण के लिए बैंक, रियल एस्टेट एजेंट, दुकानें या अन्य निजी क्षेत्र के संगठन), उन्हें संघीय गोपनीयता अधिनियम द्वारा कवर किया जा सकता है। फोन नंबर 1300 363 992 पर ऑस्ट्रेलियाई गोपनीयता आयुक्त के कार्यालय (Office of the Australian Privacy Commissioner) से सम्पर्क करें या उनकी वेबसाइट देखें - www.oaic.gov.au.*

## आपकी गोपनीयता को सुरक्षित बनाए रखने में मदद करने के लिए सुझाव

हमारे दैनिक जीवन में अक्सर हमें नाम, पता, हस्ताक्षर, बैंकिंग विवरण, फोन नंबर और ऐसी ही कुछ अन्य व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा करने के लिए कहा जाता है। आपकी गोपनीयता की सुरक्षा करने में मदद करने के लिए कुछ सामान्य सुझाव निम्नलिखित हैं:

- आपको यह पूछने का अधिकार है कि आपके बारे में जानकारी को एकत्र क्यों किया जा रहा है
- कभी भी किसी ऐसे अज्ञात व्यक्ति या व्यापार को अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें, जो अपना व्यापारिक पता सूचित नहीं करता है
- पासवर्ड, पिन और अन्य पहुँच कोड को गोपनीय और सुरक्षित रखें
- ऑनलाइन सामाजिक मीडिया और नेटवर्किंग साइटों (जैसे फेसबुक, ट्विटर) का इस्तेमाल करते समय गोपनीयता सेटिंग्स को सक्षम बनाएँ
- व्यक्तिगत जानकारी वाली डाक को सुरक्षित ढंग से नष्ट करें (जैसे कागज को कुतरने वाली मशीन से)।

## अगर मैं अपनी व्यक्तिगत या स्वास्थ्य जानकारी की समीक्षा करना चाहता/चाहती हूँ या इसमें परिवर्तन करना चाहता/चाहती हूँ, तो मुझे किससे संपर्क करना चाहिए?

यदि आप अपने स्वयं की स्वास्थ्य या व्यक्तिगत जानकारी तक पहुँच प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं, तो आपको पहले जानकारी के धारक से संपर्क करना चाहिए और उससे पूछना चाहिए कि आप ऐसा कैसे कर सकते/सकती हैं। यह व्यक्ति सामान्यत: संबंधित एजेंसी या संगठन में गोपनीयता संपर्क अधिकारी (Privacy Contact Officer) होता है। उसका विवरण एजेंसी या संगठन की वेबसाइट पर होना चाहिए।

यदि आपको और अधिक जानकारी की ज़रूरत है, तो आप हमसे भी संपर्क कर सकते/सकती हैं।

## मेरी व्यक्तिगत या स्वास्थ्य जानकारी तक पहुँच प्राप्त करने में कितना खर्च आएगा और इसमें कितना समय लगेगा?

### PPIP अधिनियम के तहत व्यक्तिगत जानकारी के लिए (केवल NSW सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसियों के लिए)

यदि आप PPIP अधिनियम के तहत अपनी व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करने के लिए पूछते/पूछती हैं, तो यह आपको नि:शुल्क और अत्यधिक देरी के बिना प्रदान की जानी चाहिए।

### HRIP अधिनियम के तहत व्यक्तिगत और स्वास्थ्य जानकारी के लिए (NSW सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और स्वास्थ्य से संबंधित सामग्री एकत्र करने वाले व्यक्तियों के लिए, जैसे दंत चिकित्सक, फिजियोथैरापिस्ट)

यदि आप HRIP अधिनियम के तहत अपनी व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करने के लिए पूछते/पूछती हैं, तो यह नि:शुल्क हो सकता है या इसके लिए एक शुल्क लग सकता है। जब आपको जानकारी प्रदान की जाती है, तो यह अनुचित देरी या अत्यधिक लागत के बिना किया जाना चाहिए।

यदि आप अपनी स्वयं की स्वास्थ्य या व्यक्तिगत जानकारी तक पहुँच प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं, तो आपको पहले जानकारी के धारक से संपर्क करना चाहिए और उससे यह पूछना चाहिए कि आप ऐसा कैसे कर सकते/सकती हैं।

लागत और प्रसंस्करण में लगने वाले समय के अलावा अन्य महत्वपूर्ण बातें हो सकती हैं, जैसेकि आपका समीक्षा करने का अधिकार, आप पहुँच कैसे प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं, और क्या इसमें अन्य जानकारी शामिल है।

## यदि मुझे ऐसा लगे कि मेरी गोपनीयता का उल्लंघन किया गया है, तो मैं क्या कर सकता/सकती हूँ?

यदि आपको ऐसा लगता है कि किसी NSW सार्वजनिक क्षेत्र एजेंसी या संगठन ने आपकी व्यक्तिगत या स्वास्थ्य जानकारी का दुरुपयोग किया है, तो आप निम्नलिखित कार्यवाही कर सकते/सकती हैं:

### PPIP अधिनियम के तहत व्यक्तिगत जानकारी के लिए (केवल NSW सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसियों के लिए)

- किसी NSW सार्वजनिक क्षेत्र एजेंसी से एक आंतरिक समीक्षा के लिए अनुरोध (यदि आप इस तरह का कोई अनुरोध करते/करती हैं, तो एक जाँच किया जाना आवश्यक है)
- एनएसडब्ल्यू गोपनीयता आयुक्त (NSW Privacy Commissioner) के पास शिकायत
- यदि आप निर्णय की समीक्षा के परिणाम से खुश नहीं हैं, तो आप उस निर्णय की समीक्षा के लिए एनएसडब्ल्यू नागरिक और प्रशासनिक अधिकरण (NSW Civil and Administrative Tribunal - NCAT) के पास आवेदन कर सकते/सकती हैं।

### व्यक्तिगत और स्वास्थ्य जानकारी के लिए HRIP अधिनियम के तहत (NSW सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता और स्वास्थ्य से संबंधित सामग्री एकत्र करने वाले व्यक्ति, उदाहरण के लिए दंत चिकित्सक, फिजियोथैरापिस्ट)

- आप एक आंतरिक समीक्षा हेतु अनुरोध करने के लिए पात्र हो सकते/सकती हैं (NSW सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं पर लागू होता है)
- आप किसी निजी क्षेत्र के प्रदाता के बारे में एनएसडब्ल्यू गोपनीयता आयुक्त (NSW Privacy Commissioner) के पास शिकायत कर सकते/सकती हैं
- यदि आप परिणाम से खुश नहीं हैं और यदि गोपनीयता आयुक्त ने एक रिपोर्ट लिखी है, तो आप निर्णय की समीक्षा के लिए एनएसडब्ल्यू नागरिक और प्रशासनिक अधिकरण (NSW Civil and Administrative Tribunal - NCAT) के पास आवेदन कर सकते/सकती हैं।

गोपनीयता आयुक्त के पास व्यापक आधार वाली गोपनीयता शिकायतों को स्वीकार करने की शक्ति भी होती है।

*नोट: परिस्थितियों के आधार पर IPC हमेशा आपकी शिकायत को स्वीकार करने में सक्षम नहीं हो सकता है, परंतु हम अन्य विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं।*

## IPC के विषय में

सूचना और गोपनीयता आयोग (Information and Privacy Commission (IPC)) एक स्वतंत्र वैधानिक प्राधिकरण है, जो सरकार की जानकारी की गोपनीयता और उसका उपयोग करने से जुड़े NSW के कानून का प्रशासन करता है।

## IPC से संपर्क करना

हमारे कार्यकारी घंटे (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) सोमवार से लेकर शुक्रवार तक, सुबह के 9 बजे से लेकर शाम के 5 बजे तक हैं।

पोस्ट: GPO Box 7011, Sydney NSW 2001

फोन: 1800 IPC NSW (1800 472 679)

ईमेल: ipcinfo@ipc.nsw.gov.au

वेब: www.ipc.nsw.gov.au

फैक्स: (02) 8114 3756

# यदि मुझे लगता है कि मेरी गोपनीयता (गैर स्वास्थ्य सूचना) का उल्लंघन किया गया है, तो मैं PPIP अधिनियम के तहत शिकायत कैसे कर सकता/सकती हूँ?

यहाँ शुरू करें:

क्या आपकी शिकायत किसी NSW सार्वजनिक क्षेत्र एजेंसी के बारे में है (इसमें एक स्थानीय परिषद या विश्वविद्यालय शामिल है)?

- हाँ → शिकायत करना (आंतरिक समीक्षा)
- नहीं → क्या आपकी शिकायत में एक संघीय सरकार एजेंसी (जैसे Centrelink) या कोई ऐसा निजी क्षेत्र व्यवसाय शामिल है जिसका कारोबार $3 मिलियन से अधिक का है?
  - हाँ → ऑस्ट्रेलियाई गोपनीयता आयुक्त (Office of the Australian Privacy Commissioner) के कार्यालय से सम्पर्क करें। कृपया वेबसाइट ww.oaic.gov.au देखें या फोन नंबर 1300 363 992 पर कॉल करें।
  - नहीं → यदि आपकी गोपनीयता की शिकायत इन श्रेणियों में से किसी में भी नहीं आती है, तो आप एनएसडब्ल्यू गोपनीयता आयुक्त (NSW Privacy Commissioner) के पास एक सामान्य शिकायत कर सकते/सकती हैं।
    यदि शिकायत को स्वीकार कर लिया जाता है, तो गोपनीयता आयुक्त केवल इन मामलों में समझौता करने में सक्षम होता है।

## शिकायत करना (आंतरिक समीक्षा):

- संगठन के पास एक आंतरिक समीक्षा के लिए आवेदन दर्ज करें (छह महीनों के भीतर)। यह एक आंतरिक जांच है जिसका उद्देश्य इस बात का आकलन करना है कि एजेंसी ने अपने गोपनीयता दायित्वों का पालन किया है या नहीं। एजेंसी को एनएसडब्ल्यू गोपनीयता आयुक्त (NSW Privacy Commissioner) के साथ सलाह और परामर्श करना आवश्यक होता है। समीक्षा को 60 दिनों में पूरा किया जाना चाहिए (यदि साध्य हो)। इसके लिए कोई शुल्क नहीं है।
- एजेंसी के पास आपके भरने के लिए एक विशिष्ट आवेदन-पत्र हो सकता है। उसकी वेबसाइट की जाँच करें या एजेंसी के गोपनीयता संपर्क अधिकारी (Privacy Contact Officer) से संपर्क करें।
- यदि उनका कोई विशिष्ट आवेदन-पत्र नहीं है, तो हमारी वेबसाइट पर एक सामान्य आवेदन-पत्र उपलब्ध है - www.ipc.nsw.gov.au – आवेदन-पत्र को पूरा भरें और उस एजेंसी के पास भेजें जो इस शिकायत को प्राप्त करेगी।

↓

एजेंसी एक आंतरिक समीक्षा शुरू करेगी। इसे आवेदन प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए और समीक्षा के दौरान आपको प्रगति के बारे में सूचित रखा जाएगा। एजेंसी को यथोचित साध्य रूप से जल्द से जल्द इस समीक्षा को पूरा करना चाहिए।

## समीक्षा के बाद:

आपको एजेंसी की समीक्षा के परिणाम की लिखित रूप में सूचना दी जाएगी। एजेंसी के लिए एनएसडब्ल्यू गोपनीयता आयुक्त (NSW Privacy Commissioner) को सूचित करना आवश्यक है। निष्कर्षों के आधार पर एजेंसी निम्नलिखित कार्यवाही कर सकती है:

- एक औपचारिक माफी देना
- सुधारात्मक कार्यवाही करना (उदाहरण के लिए: मुआवजे का भुगतान)
- इस बात का आश्वासन देना कि ऐसा दोबारा नहीं होगा
- यह सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक परिवर्तन करना कि ऐसा दोबारा नहीं होगा
- आगे कोई कार्यवाही न करना।

↓

यदि आप समीक्षा के परिणाम से नाखुश हैं (या इसे 60 दिनों के अंदर पूरा नहीं किया गया है), तो आप शिकायत किए गए आचरण या निर्णय की समीक्षा के लिए एनएसडब्ल्यू नागरिक और प्रशासनिक अधिकरण (NSW Civil and Administrative Tribunal - NCAT) के पास आवेदन कर सकते/सकती हैं। इसके लिए $77 का शुल्क लगेगा। NCAT एजेंसी को अपना व्यवहार बदलने, माफी माँगने या किसी भी नुकसान को सुधारने के लिए कदम उठाने के लिए आदेश दे सकता है। NCAT का निर्णय लागू किया जाता है और वह मुआवजा देने के लिए आदेश दे सकता है।

# यदि मुझे लगता है कि मेरी गोपनीयता (स्वास्थ्य सूचना) का उल्लंघन किया गया है, तो मैं HRIP अधिनियम के तहत शिकायत कैसे कर सकता/सकती हूँ?

यहाँ शुरू करें:

क्या आपकी शिकायत किसी NSW सार्वजनिक क्षेत्र एजेंसी के बारे में है (इसमें एक स्थानीय परिषद या विश्वविद्यालय शामिल है)?

हाँ → यदि आपकी शिकायत में कोई NSW सार्वजनिक क्षेत्र एजेंसी शामिल हैं, और इसमें आपके स्वास्थ्य की जानकारी शामिल है, तो आप PPIP अधिनियम के तहत एक आंतरिक समीक्षा के लिए अनुरोध कर सकते/सकती हैं। पिछले पृष्ठ पर उल्लिखित चरणों का पालन करें।

नहीं → *क्या आपकी शिकायत में कोई NSW निजी क्षेत्र स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, या कोई ऐसा संगठन शामिल है जिसका $3 मिलियन से अधिक का कारोबार है और जो स्वास्थ्य से संबंधित सामग्री एकत्र करता है (जैसे दंत चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट)? आप एनएसडब्ल्यू गोपनीयता आयुक्त (NSW Privacy Commissioner) के पास शिकायत कर सकते/सकती हैं (मुद्दे के बारे में सूचित होने के छह महीनों के अंदर) या ऑस्ट्रेलियाई गोपनीयता आयुक्त के कार्यालय (Office of the Australian Privacy Commissioner) के पास शिकायत कर सकते/सकती हैं (दाएँ में विवरण देखें)। आप इन दोनों के पास शिकायत नहीं कर सकते/सकती हैं।*

नहीं → क्या आपकी शिकायत में कोई संघीय सरकार एजेंसी (जैसे Centrelink) या $3 मिलियन से अधिक के कारोबार वाला कोई निजी क्षेत्र व्यवसाय शामिल है?

हाँ → ऑस्ट्रेलियाई गोपनीयता आयुक्त (Office of the Australian Privacy Commissioner) के कार्यालय से सम्पर्क करें। कृपया वेबसाइट ww.oaic.gov.au देखें या1300 363 992 पर कॉल करें।

हाँ → एनएसडब्ल्यू गोपनीयता आयुक्त (NSW Privacy Commissioner) आपकी शिकायत का आकलन करेगा और यह तय करेगा कि क्या वह आपकी शिकायत पर कार्यवाही कर सकता है। यदि गोपनीयता आयुक्त आपकी शिकायत को स्वीकार करता है और इसे हल करने का प्रयास करता है, तो यह आमतौर पर निम्नलिखित तंत्र के माध्यम से किया जाता है।

→ समाधान: यह अंतिम होता है और यह इस प्रक्रिया को पूरा करता है।

→ निष्कर्षों पर रिपोर्ट: यह एनएसडब्ल्यू नागरिक और प्रशासनिक अधिकरण (NSW Civil and Administrative Tribunal - NCAT) द्वारा आगे की समीक्षा करवाने के लिए शिकायतकर्ता को अवसर प्रदान करती है।

→ सुलह: यह अंतिम होती है और यह इस प्रक्रिया को पूरा करती है।

निष्कर्षों पर रिपोर्ट → यदि आप परिणाम से नाखुश हैं, और यदि केवल गोपनीयता आयुक्त (Privacy Commissioner) ने ही रिपोर्ट लिखी है, तो आप शिकायत किए गए आचरण या निर्णय की समीक्षा के लिए NCAT के पास आवेदन कर सकते/सकती हैं। इसके लिए $77 का शुल्क लगेगा। NCAT एजेंसी को अपना व्यवहार बदलने, माफी माँगने या किसी भी नुकसान को सुधारने के लिए कदम उठाने के लिए आदेश दे सकता है। NCAT का निर्णय लागू किया जाता है और वह मुआवजा देने के लिए आदेश दे सकता है।

*नोट: इस तथ्य पत्रक में दी गई जानकारी का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में ही किया जाना चाहिए। व्यक्तिगत परिस्थितियों के संबंध में कानूनी सलाह की मांग की जानी चाहिए।*